# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-29.05.2025**

**विषयः- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित 01 नफ़र बाल अपचारी को थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया एवं अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियां के नेतृत्व मे थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0130/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट थाना लोहता कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित 01 नफ़र बाल अपचारी को दिनांक-28.05.2025 को समय करीब 12.10 बजे खेवसीपुर अन्डर पास थाना लोहता वाराणसी से पुलिस अभिरक्षा मे लेते हुए, मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक 23.05.2025 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने बाल अपचारी उपरोक्त द्वारा प्रार्थिनी की नाबालिग पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष को बहला-फुसलाकर साथ लेकर कहीं चले जाने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता पर मु0अ0सं0-0130/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 मो0 परवेज के द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**बाल अपचारी का विवरण-** 01 नफ़र बाल अपचारी, उम्र करीब 17 वर्ष।

**अभिरक्षा का स्थान, दिनांक व समय-** खेवसीपुर अन्डर पास थाना लोहता वाराणसी से, दिनांक-28.05.2025 को समय करीब 12.10 बजे।

**बरामदगी का विवरण-** मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 17 वर्ष बरामद।

**आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0 0130/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट थाना लोहता कमि0 वाराणसी।

**अभिरक्षा मे लेने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

थानाध्यक्ष निकिता सिंह, उ0नि0 मो0 परवेज, उ0नि0 मोहम्मद आरिफ खान, हे0का0 हंसराजपाल व म0आ0 पूजा सोनकर थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**